RAF SECTOR
NEWS CLIP
07/06/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Gulabi Times, Jaipur(R.J)

83 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स ने पौधारोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

जयपुर गुलाबी टाइम्स

आमेर। विश्व पर्यावरण दिवस पर सीआरपीएफ की आरएएफ 83 बटालियन द्वारा पौधारोपण किया गया। सीआरपीएफ की 83 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा देश सुरक्षा के साथ–साथ स्वच्छ वातावरण के लिए पौधारोपण भी किया जाता है। कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि इस साल विश्व पर्यावरण दिवस पर रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा 15 हजार पौधे लगाए जाएंगे। आगामी बारिश के मौसम में भी पौधारोपण किया जाएगा।रैपिड एक्शन फोर्स के द्वारा आमेर तहसील और जमवा रामगढ़ तहसील में 4 गांव गोद लिए गए हैं। जिनमें पौधारोपण किया जाता है।इन पौधों की सुरक्षा के लिए उस गांव के लोगों को जिम्मेदारी दी जाती है। रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा पौधे लगाए जाते हैं उनकी भी समय–समय पर मॉनिटरिंग की जाती है। यदि कोई पेड़ पौधा सूख जाता है तो उसे हटा कर दूसरा पौधा लगाया जाता है।ऐसे में पूरे राजस्थान में सीआरपीएफ और रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा करीब ढाई लाख पौधे लगाए जा चुके हैं। देश सुरक्षा के साथ–साथ आमजन को ऑक्सीजन आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण दे सके। इस अवसर पर कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह, सुरेश सिंह द्वितीय कमान अधिकारी, बलवीर सिंह उप कमांडेंट सहित बटालियन के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

United Bharat, Prayagraj(U.P)

इस मौके पर आयोजित हुई गोष्ठी, पौधों का किया गया वितरण

सहसों कार्यालय

सहसों: प्रयागराज। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर शनिवार को सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों एवं स्वयं सेवी संगठनों द्वारा वृहद वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर स्वयं सेवी संगठनों के अलावा राजनीतिक दलों के लोगों ने पौधों को रोपित कर पर्यावरण को बचाये रखने का संकल्प लिया। १०१ द्रुत कार्य बल के प्रांगण में शनिवार को आरएएफ के कमाण्डेंट आर० के० निगम की अगुवाई में कार्मिकों ने द्वारा खाली पड़े स्थानों पर वृहद वृक्षारोपण के साथ पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वाहिनी के अधिकारियों व कार्मिकों ने लगभग पांच सौ पौधों को रोपित करते हुए इन्हे बचाये रखने का संकल्प लिया। वाहिनी के कमाण्डेंट श्री निगम ने उपस्थित अधिकारियों व जवानों को सम्बोंधित करते हुए कहा कि यदि आमजन पर्यावरण को लेकर जागरूक नही हुए आने वाले समय में आक्सीजन की पूर्ति कर पाना असंभव होगा। उन्होने सभी लोगों से अपील किया कि प्रत्येक ब्यक्तियों द्वारा कम से कम एक पौध अवश्य रोपित करना चाहिए। आगे कहा कि वृक्षारोपण मानवीय संवेदनाओं को बढ़ाता है तथा जीवन की संजीवनी ऑक्सीजन की पूर्ति करता है। इस अवसर पर डॉ० के०के० सिंह मुख्य चिकित्साधिकारी, नरेन्द्र कुमार सिंह द्वि० कमान अधिकारी, पवन कुमार उप कमाण्डेंट सहित अन्य अधिकारीगण के अलावा जवानों ने बढ़चढ़ का प्रतिभाग किया। इसी प्रकार फूलपुर इफको में शनिवार को महाप्रबंधक संजय कुदेसिया के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को सम्बोंधित करते हुए श्री कुदेशिया ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए मानव पौधरोपण तो हमेशा से करता रहा है परन्तु इस कोरोना वैश्विक महामारी ने उन्हें पौधरोपण करने के लिए और भी जिम्मेदार बना दिया है। इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रामसूरत पटेल व महामंत्री विनय कुमार यादव ने मानव जीवन में पौधों की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। अधिकारी संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा व महामंत्री स्वयं प्रकाश ने आम

दानवीर सिंह ने भ
वृक्षारोपण के दौरान
परमात्मा कुंवर, उ
कार्यालय से चिरंज
त्रिपाठी सहित अन्य
प्रकार मोतीलाल ने
इंस्टीट्यूट कोरडेट ए
डी०पी०एस० तोमर
समन्वित ग्रामीण विक
ग्राम पंचायत सराय
गंगौर, गौहरपुर आदि
छायादार पौधे नीम,
रोपण किया गया और

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।